Form no. III

फर्द अहकाम

(नियम 226)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज नेमीचंद बनाम मूलचंद व अन्य दीवानी वाद संख्या 25/2017 ı	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27-01-2025	अधिवक्ता उभय पक्ष उपस्थित। वादी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र अंतर्गत आदेश 7 नियम 14 सपठित धारा 151 सी.पी.सी. का जवाब प्रतिवादी संख्या 1, 2 व 3 की ओर से दिया गया। बहस प्रार्थनापत्र सुनी गई तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। वादी की ओर से आदेश 7 नियम 14 सी.पी.सी. का प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर प्रार्थनापत्र के साथ दस्तावेज, प्रतिवादी संख्या 2 की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य शपथपत्र व बयान अभिलेख पर लेने का निवेदन किया गया है। इन दस्तावेजों को अभिलेख पर लिए जाने के सम्बंध में प्रतिवादी की ओर से दस्तावेज की फोटो प्रति होने, देरी से प्रस्तुत करने, इस प्रकरण से सम्बंधित नहीं होने, सुसंगत नहीं होने व खण्डन का अवसर प्राप्त नहीं हो सकने आदि एतराज किए गए हैं। यह सही है कि प्रकरण में दस्तावेज वादी की ओर से देरी से प्रस्तुत किए गए हैं। साक्ष्य वादी पूर्ण हो चुकी है। प्रतिवादी साक्ष्य होनी है। दस्तावेज की सुसंगता के बारे में इस स्टेज पर अंतिम रूप से कोई राय दिया जाना उचित नहीं है। दस्तावेज प्रकरण से सुसंगत होकर के प्रकरण के न्याय निर्णयन के लिए आवश्यक होना बताया है। प्रकरण के समस्त तथ्यों, परिस्थितियों को देखते हुए वादी का प्रार्थनापत्र सशर्त-सव्यय स्वीकार करना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः वादी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र अंतर्गत आदेश 7 नियम 14 सपठित धारा 151 सी.पी.सी. 4000/-रूपये कोस्ट के जरिये डी.डी./बैंकर्स चैक माननीय Registrar General LWFA, Rajasthan High Court के बैंक खाता संख्या 41673952674 of SBI, Jhalamand Branch, Jodhpur में जमा करवाने हेतु बनवाकर इस न्यायालय में पेश करने, 2000/- रूपये कोस्ट के प्रतिवादी संख्या 1 व 2 को अदा करने व 2000/- रूपये कोस्ट के प्रतिवादी संख्या 3 को अदा करने की शर्त पर स्वीकार कर अभिलेख पर लिए जाने के आदेश दिए जाते हैं। पत्रावली पूर्व आदेशानुसार कमिश्नर पर बयान करवाए जाने दिनांक 02-02-2025 को प्रातः 11 बजे पेश हो एवं पत्रावली साक्ष्य प्रतिवादी में दिनांक 03-02-2025 को पेश हो।	

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मांगीलाल बनाम श्यामलाल वअन्य 2 दीवानी वाद संख्या 27/2017	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मांगीलाल बनाम श्यामलाल वअन्य 3 दीवानी वाद संख्या 27/2017	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए